NEW AL WUROOD INTERNATIONAL SCHOOL, JEDDAH

Affiliated to CBSE – New Delhi.

TERM – 1 (2019 -2020)

Subject: HINDI (SL)

WORK SHEET-1

1. **गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चुनिए-**

डॉ० कलाम दृढ इच्छाशक्ति वाले व्यक्ति थे ।वे भारत को विकसित देश बनाने का सपना पाले हुए थे ।उनका मानना था कि व्यापक दृष्टि से सोचना चाहिए।हमें सपने देखने चाहिए।सपनों को विचारों में बदलना चाहिए ।विचारों को कार्यवाही के माध्यम से हकीकत में बदलना चाहिए ।डॉ० कलाम तीसरे ऐसे वैज्ञानिक हैं, जिन्हें भारत का सर्वोच्च सम्मान 'भारत-रत्न' दिया गया ।उन्हें 'पद्मभूषण' तथा ' पद्मविभूषण' से भी सम्मानित किया जा चूका है ।भारत को उनपर गर्व है ।इतनी उपलब्धियाँ प्राप्त करने तथा इतना मान-सम्मान मिलने के बावजूद डॉ. कलाम को अहंकार छू तक नहीं पाया ।वे सहज प्रवृत्ति के एक भावुक व्यक्ति थे ।उन्हें कविताएँ लिखना,वीणा बजाना तथा बच्चों के साथ रहना बेहद पसंद था ।वे 'सादा जीवन उच्च विचार' में विशवास रखते थे । कलाम साहब का व्यक्तित्व प्रेरणादायक है ।उनका जीवन तपस्या से भरा था ।उन्होने राष्ट्रपति पद की शपथ लेते समय दिए गए भाषण में संत कबीरदास जी के इस दोहे का उल्लेख किया था- " काल करै सो आज कर, आज करै सो अब"।

उपर्युक्त गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चुनिए:

१. डॉ० कलाम ने भारत को क्या बनाने का सपना देखा?

क) अल्प-विकसित देश   ग) विकसित देश

ख) निर्मित देश   घ) विकासशील देश

२. डॉ० कलाम किस प्रवृत्ति के व्यक्ति थे?

क) असहज   ग) भावुक

ख) दयालु   घ) क्रूर

३. अब तक कितने वैज्ञानिकों को ‘भारत- रत्न’ से सम्मानित किया गया?

क) चार　　　　　　　　ग) दो

ख) पाँच　　　　　　　　घ) तीन

४. भारत का सर्वोच्च सम्मान कौन-सा है?

क) पदमभूषण　　　　　　　ग) भारत- रत्न

ख) पद्मविभूषण　　　　　　घ) भारत- भूषण

५. ‘सम्मान’ का उचित संधि-विच्छेद है:

क) स+ मान　　ख) सम्+मान　　ग) सम+मान　　घ) सं+मान

६. ‘काल करै सो आज कर, आज करै सो अब’ किसका दोहा है

क) रहीम　ख) तुलसी　ग) बिहारी　ख) कबीर

2.गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए

मेरा मन कभी-कभी बैठ जाता है। समाचार पत्रों में ठगी, डकैती, चोरी तस्करी और भ्रष्टाचार के समाचार भरे रहते है। आरोप- प्रत्यारोप का कुछ ऐसा वातावरण बन गया है कि लगाता है, देश में कोई ईमानदार आदमी ही नहीं रह गया है। हर व्यक्ति को संदेह की दृष्टि से देखा जा रहा है। जो जितने ऊँचे पद पर है, उनमें उतने ही अधिक दोष दिखाए जाते हैं।

एक बहुत बड़े आदमी ने एक बार मुझसे कहा था कि इस समय सुखी वही है जो कुछ नहीं करता। जो कुछ करेगा , उसमें लोग दोष खोजने लगेंगे। उसके सारे गुण भुला दिए जाएँगे और दोषों को बढ़ा-चढ़कर दिखाया जाने लगेगा। दोष किसमें नहीं होते ? यहीं कारण है कि हर आदमी दोषी अधिक दिख रहा है ; गुणी कम या बिलकुल ही नहीं। स्थिति अगर ऐसी है, तो निश्चय ही चिंता का विषय है।

क्या यही भारतवर्ष है, जिसका सपना तिलक और गाँधी ने देखा था ? रवींद्रनाथ ठाकुर और मदनमोहन मालवीय का महान संस्कृति सभ्य भारतवर्ष किस अतीत के गह्वर में डूब गया ? आर्य और द्रविड़, हिंदू और मुसलमान, यूरोपीय और भारतीय आदर्शों की

मिलन-भूमि “मानव-महासमुद्र” क्या सूख ही गया ? मेरा मन कहता है, ऐसा हो नहीं सकता। हमारे महान मनीषियों के सपनों का भारत है और रहेगा।

१) लेखक का मन क्यों बैठ जाता है ?

२) लोग किसमें दोष खोजने लगते है?

३) “मानव-महासमुद्र” क्या है?

४) देश में किस तरह का वातावरण बन गया है ?

५) विलोम शब्द लिखिए -

1. ईमानदार X 3. देश X

2. गुण X 4. सभ्य X

3)निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए -

1)घोष 2)व्यथित 3)निराश्रित 4)बनैला 5) तिलमिलाना6)सुषमा 7) प्रकोप

8)तिमिर

4) पर्यायवाची शब्द लिखिए-

1)नदीश 2)यात्री 3)सौगात

5)उसर्ग और प्रत्यय अलग करके लिखिए -

1)अखंडित 2)मानवता 3)अर्पित 4)जीवित

6)वर्ण-विच्छेद कीजिये -

भारत जीवित भूमंडल न्याय

7)निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए-

1. परीक्षा 2. सर्वोत्तम

8)निम्नलिखित भिन्नार्थक शब्द-युग्मों का अर्थ स्पष्ट कीजिए-

1. और-ओर 2. वार-बार

11.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये

1. तिरुअनंतपुरम से कन्याकुमारी की ओर जाते समय लेखक ने मार्ग में क्या-क्या देखा ?

2. तोम्चा को जंगल में कौन-कौन सी आवाजें सुनाई दे रही थी? और कौन -से दृश्य दिखाई दे रहे थे ?

3. भारतवासी किसके लिए अड़ते हैं और किसके लिए अपने प्राण अर्पित कर देते हैं ?
4. जलावो दिए कविता में कवि किस प्रकार के दिए जलाने के लिए कहता है?
5. चैगोर ने अपने मालिक से बूढ़े नौकर के विरुद्ध कौन-कौन से तर्क प्रस्तुत किये ?
6. मनुजता कब तक पूर्ण नहीं बन सकती?
7. कवि एकता और प्रेम को भारत की विशेषता बताता है हमारे देश के ये गुण दुनिया को किस तरह से प्रभावित करते हैं ?